>

Title: Need to declare policy for export of cotton and to declare MSP of cotton to benefit cotton growers.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा): मैं महाराÂष्ट्र के बुलढाणा जिले से आता हूँ जो विदर्भ का एक हिस्सा है जहाँ के किसान परिवार पूरी तरह से कपास की खेती पर निर्भर करते हैं, परंतु केन्द्र सरकार की कपास के संबंध में नीतियाँ हैं उनसे किसानों को बहुत नुकसान होता है। किसानों की कपास जब आती है तो सरकार उस समय कपास की नीति नहीं बनाती है जिसके कारण जरूरत से ज्यादा कपास को निर्यात करने एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के कार्य में नाहक देरी होती है और इस बीच के समय में किसानों का व्यापारी लोग अनुचित लाभ उठाते हैं। जब कपास नीति की जरूरत नहीं होती है तब सरकार कपास नीति लेकर आती है उस समय किसानों का कपास व्यापारी के हाथ में चला जाता है।

सरकार से अनुरोध है कि जब कपास की फसल आ जाये और उनका भंडारण होने लगे तभी कपास के संबंध में निर्यात संबंधी नीति की घोÂ◌ाणा की जाये एवं उनकी लागत के हिसाब एवं किसानों का लाभ जोड़कर कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाये।